[illegible]

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

परीक्षण पुस्तिका

[illegible]

समय : [illegible] | पूर्णांक : [illegible]

## अनुदेश

1. [illegible]
2. [illegible]
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में [illegible] प्रश्नांश (प्रश्न) दो भागों में दिए गए हैं : भाग – A और भाग – B। भाग – B में प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर-पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. गलत उत्तरों के लिए दंड :

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**Note :** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

www.prepp.in

## PART - A

**Directions (for the next 10 items that follow) :** *Each item in this section consists of a sentence with an underlined word followed by four words. Select the word that is* **opposite in meaning** *to the underlined word and mark your response on the Answer Sheet accordingly.*

1. During the trial, the witness's deposition was equivocal.
   - (a) ambiguous
   - (b) evasive
   - (c) explicit
   - (d) guarded

2. The professor is known for his characteristic reticence.
   - (a) communicativeness
   - (b) reserve
   - (c) restraint
   - (d) diffidence

3. Observers noted the officials' increasingly capricious approach to administrative reforms.
   - (a) erratic
   - (b) whimsical
   - (c) ceremonial
   - (d) steadfast

4. The novel presents an idealistic view of the ongoing political reform.
   - (a) visionary
   - (b) utopian
   - (c) pragmatic
   - (d) romantic

5. The speaker's tone became increasingly caustic during the debate.
   - (a) sarcastic
   - (b) conciliatory
   - (c) acerbic
   - (d) acrimonious

6. The note drew attention to the fallacious assumptions underlying the proposals.
   - (a) veracious
   - (b) misleading
   - (c) procedural
   - (d) erroneous

7. The activist was sceptical with regard to the antecedents of the newly discovered documents.
   - (a) restrained
   - (b) credulous
   - (c) circumlocutory
   - (d) guarded

8. The panel found the conclusion somewhat speculative.
   - (a) conjectural
   - (b) hypothetical
   - (c) substantiated
   - (d) interpretive

9. After the mishap, the mood was sombre among the survivors.
   - (a) shady
   - (b) dingy
   - (c) restrained
   - (d) buoyant

10. He is a professional artist.
    - (a) apprentice
    - (b) dilettante
    - (c) amateur
    - (d) aspirant



**Directions (for the next 05 items that follow) :** *Each item in this section consists of a sentence with an underlined word followed by four words. Select the word that is* **nearest in meaning** *to the underlined word and mark your response on the Answer Sheet accordingly.*

11. The controversial policy received the committee's imprimatur.
    - (a) criticism
    - (b) approval
    - (c) rejection
    - (d) appraisal

12. The archaeologist was fascinated by the annular design of the ancient monument.
    - (a) circular
    - (b) vertical
    - (c) triangular
    - (d) funicular

13. The nobility is not known for its munificence.
    - (a) reluctance
    - (b) valour
    - (c) generosity
    - (d) graciousness

14. The goods kept in the storage facility were declared to be contraband.
    - (a) prohibited
    - (b) taxable
    - (c) foreign
    - (d) adulterated

15. The judge ruled on the egregious violations of human rights by the authorities.
    - (a) subtle
    - (b) flagrant
    - (c) inadvertent
    - (d) concealed

**Directions (for the next 05 items that follow) :** *Given below are some foreign phrases followed by four alternatives to each. Select the most appropriate alternative which provides the correct meaning of the foreign phrase used in English and mark your response on the Answer Sheet accordingly.*

16. *Ipso facto*
    - (a) After the fact
    - (b) In fact
    - (c) By the fact itself
    - (d) The primary factor

17. *Via media*
    - (a) Through newspapers
    - (b) Through diplomacy
    - (c) In secrecy
    - (d) A middle way

18. *Quid pro quo*
    - (a) The existing state of affairs
    - (b) Therefore or consequently
    - (c) Something given in exchange for something else
    - (d) Done for public good without compensation

19. *A posteriori*
    - (a) At the very beginning
    - (b) Based on reasoning from known facts or empirical evidence
    - (c) Military campaign leading to swift victory
    - (d) A person with a sociable and expansive lifestyle

20. *Modus operandi*
    - (a) The most appropriate word
    - (b) Method of operating
    - (c) The violation of a rule
    - (d) Successful operation

www.prepp.in

*Directions (for the next 05 items that follow) :*

*Given below are some idioms/phrases followed by four alternatives to each. Select the most appropriate alternative which provides the correct meaning of the idiom/phrase and mark your response on the Answer Sheet accordingly.*

21. 'Burn your bridges'
    (a) Ending one's life
    (b) To make a decision you cannot change
    (c) To ignore danger
    (d) To settle an argument

22. 'Make no bones about something'
    (a) To do your own thing
    (b) To make no money
    (c) To not try to hide one's feelings
    (d) To not come right to the point

23. 'A blot on the landscape'
    (a) A painting that has turned out wrong
    (b) A bald patch in a meadow
    (c) A black sheep in an office
    (d) Something ugly that spoils the appearance of a place

24. 'A bone of contention'
    (a) Source of agreement
    (b) Point of long standing dispute
    (c) A hidden agenda
    (d) Legal obligation

25. 'Pour oil on troubled waters'
    (a) To mastermind a trick or deception
    (b) To produce something that is required as if by magic
    (c) To exacerbate a festering situation
    (d) To say or do something to stop an argument or calm down a situation

*Directions (for the next 05 items that follow) :*

*Each of the following sentences has an underlined word. Read the sentence carefully and identify which word class the underlined word belongs to. Indicate your response on the Answer Sheet accordingly.*

26. <u>Despite</u> the heavy rain, the match continued as scheduled.
    (a) Conjunction
    (b) Adverb
    (c) Noun
    (d) Preposition

27. He gave <u>both</u> candidates an equal opportunity to present their case.
    (a) Determiner
    (b) Pronoun
    (c) Adverb
    (d) Adjective

28. The old woman sat on the bench, knitting in <u>silence</u>.
    (a) Verb
    (b) Adjective
    (c) Adverb
    (d) Noun

29. The injured soldier crawled <u>forward</u> in spite of debilitating pain.
    (a) Noun
    (b) Adverb
    (c) Adjective
    (d) Preposition

30. The results were <u>beyond</u> everyone's expectation.
    (a) Preposition
    (b) Conjunction
    (c) Adjective
    (d) Adverb



*Directions (for the next 05 items that follow) :*

*Reorder the PQRS set to create the most appropriate meaningful sentence. Indicate your response on the Answer Sheet accordingly.*

31. The findings were
    P : that had long been accepted
    Q : because they fundamentally challenged the assumptions
    R : met with considerable resistance at first
    S : by the mainstream scientific community

    The proper sequencing should be :
    (a) RQPS
    (b) RSPQ
    (c) PQSR
    (d) PSQR

32. It is often argued that
    P : are not the result of innate talent alone
    Q : but rather the product of
    R : extraordinary achievements
    S : sustained effort and deliberate practice

    The proper sequencing should be :
    (a) SPQR
    (b) PSQR
    (c) RPQS
    (d) QRSP

33. The historian noted that
    P : had been systematically erased
    Q : the memory of certain communities
    R : and replaced with a sanitized narrative
    S : from the official records of the colonial period

    The proper sequencing should be :
    (a) PQRS
    (b) QPSR
    (c) RQSP
    (d) QSPR

34. Critics have long maintained that
    P : literature's true power lies in its
    Q : assumptions and not in the mere
    R : ability to disturb comfortable
    S : reproduction of social reality

    The proper sequencing should be :
    (a) PQRS
    (b) PRQS
    (c) SPQR
    (d) QRSP

35. The movie
    P : it was hardly possible
    Q : were so humorous that
    R : to keep a straight face
    S : had many scenes which

    The proper sequencing should be :
    (a) PRSQ
    (b) SPRQ
    (c) QPRS
    (d) SQPR

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**Directions (for the next 05 items that follow) :**

The following items have four sentences, one of which is grammatically correct. Select the most appropriate correct sentence and mark your response on the Answer Sheet accordingly.

36. (a) She insisted that he apologises immediately.
(b) She insisted that he apologise immediately.
(c) She insisted that he may apologise immediately.
(d) She insisted that he apologised immediately.

37. (a) The police has arrested the accused last night.
(b) The police have arrested the accused last night.
(c) The police arrested the accused last night.
(d) The police had arrested the accused last night.

38. (a) The teacher made the students to rewrite the essay.
(b) The teacher has the students to rewrite the essay.
(c) The teacher got the students rewriting the essay.
(d) The teacher had the students rewrite the essay.

39. (a) I shall base my decision on how much free time can I manage.
(b) I shall base my decision about how much free time I can manage.
(c) I shall base my decision on how much free time I can manage.
(d) I shall base my decision to how much free time I can manage.

40. (a) Do not panic because a situation is under control.
(b) Do not panic because situation under control.
(c) Do not panic however a situation is under control.
(d) Do not panic because the situation is under control.

41. A sentence is given in three parts (a), (b) and (c). Find out which part of the sentence has an error. If there is no error, mark your option (d). Indicate your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) He is a honest man
(b) who has served
(c) this institution for twenty years
(d) No error

42. A sentence is given in three parts (a), (b) and (c). Find out which part of the sentence has an error. If there is no error, mark your option (d). Indicate your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) The jury has delivered
(b) its verdict after
(c) long and careful deliberations
(d) No error

43. Read the following pairs :

| | Active Voice | Passive Voice |
|---|---|---|
| I. | These grapes taste sour. | These grapes are sour when they are tasted. |
| II. | Forget the past. | Let the past be forgotten. |

Identify the pair(s) wherein the Passive Voice is correctly stated and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) I only
(b) II only
(c) Both I and II
(d) Neither I nor II



44. Read the following pairs :

| | Active Voice | Passive Voice |
|---|---|---|
| I. | They asked me my name. | My name was asked by them. |
| II. | They found him guilty. | He found them guilty. |

Identify the pair(s) wherein the Passive Voice is correctly stated and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) I only
(b) II only
(c) Both I and II
(d) Neither I nor II

45. Read the following pairs :

| | Direct Speech | Indirect Speech |
|---|---|---|
| I. | He said, "Bravo! You have written the best answer." | He applauded him saying that he had written the best answer. |
| II. | "The sun rises in the East," said the teacher. | The teacher said that the sun rose in the East. |

Identify the pair(s) wherein the Indirect Speech is correctly stated and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) I only
(b) II only
(c) Both I and II
(d) Neither I nor II

46. Read the following pairs :

| | Direct Speech | Indirect Speech |
|---|---|---|
| I. | He said to him, "Wait here until I return." | He ordered him to wait here until he returned. |
| II. | He said, "Alas! I am undone." | He exclaimed sadly that he was undone. |

Identify the pair(s) wherein the Indirect Speech is correctly stated and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) I only
(b) II only
(c) Both I and II
(d) Neither I nor II

47. Read the following pairs :

| | Group of words | One-word substitution |
|---|---|---|
| I. | One who studies handwriting | Graphologist |
| II. | One who draws maps | Cartographer |
| III. | One who studies flags | Vexillologist |

Identify the pairs wherein the one word substitution is correctly stated and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) I and II only
(b) II and III only
(c) I and III only
(d) I, II and III

48. Read the following pairs :

| | Group of words | One-word substitution |
|---|---|---|
| I. | One who knows everything | Omnipotent |
| II. | One who is all powerful | Omniscient |
| III. | One who abandons religious faith | Apostate |

Identify the pair(s) wherein the one word substitution is correctly stated and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
(a) I only
(b) II only
(c) III only
(d) I, II and III

49. Fill in the blanks with the most appropriate phrasal verb and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
The car tended to ______ every time the rains decided to ______.
(a) act out; come in
(b) act up; come down
(c) act out; come down
(d) act up; come in

50. Fill in the blanks with the most appropriate phrasal verb and mark your response on the Answer Sheet accordingly.
He was eager to ______ after having resigned his position, but was advised to ______ his next move given the prevailing market situation.
(a) move on; hold on
(b) move off; hold off
(c) move on; hold off
(d) move off; hold on

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

## भाग – B

**51.** साइकिल चालकों के लिए रेस ट्रैक (racing track) 10 m त्रिज्या का एक समतल वृत्तीय पथ है। तीन साइकिल चालक P, Q और R की एक जैसी साइकिल हैं, जो क्रमशः 2 m/s, 3 m/s और 5 m/s की चाल से इस ट्रैक पर साइकिल चलाते हैं। यदि पहिए और सड़क के बीच घर्षण गुणांक 0·1 है, तो कौन-सा साइकिल चालक फिसल जाएगा ? (मान लीजिए $g = 10\ m/s^2$)

(a) केवल P

(b) केवल Q

(c) केवल R

(d) सभी फिसल जाएँगे

**52.** किसी सरल लोलक के गोलक को उसके माध्य स्थान से विस्थापित करके पुनः उसके माध्य स्थान से 0·20 m ऊपर विरामावस्था से छोड़ा जाता है। गोलक के माध्य स्थान से गुज़रते समय उसकी चाल कितनी है ? (मान लीजिए $g = 10\ m/s^2$)

(a) 0 m/s

(b) 1 m/s

(c) 2 m/s

(d) $\sqrt{10}$ m/s

**53.** कोई टेनिस की गेंद, जिसका द्रव्यमान 350 g है, 4 m/s की चाल से ऊपर की ओर ऊर्ध्वाधर फेंकी जाती है। यदि गेंद की अधिकतम गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा M है और उसकी अधिकतम ऊँचाई H है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ? (मान लीजिए $g = 10\ m/s^2$)

(a) M = 5·6 J, H = 1·6 m

(b) M = 2·8 J, H = 1·6 m

(c) M = 5·6 J, H = 0·8 m

(d) M = 2·8 J, H = 0·8 m

**54.** दो भिन्न प्रकाशिक माध्यमों (optical media) के बीच अंतरापृष्ठ पर पूर्ण आंतरिक परावर्तन (total internal reflection) से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) पूर्ण आंतरिक परावर्तन की परिघटना केवल तभी घटित हो सकती है जब प्रकाश किसी कोण पर निम्न अपवर्तनांक वाले माध्यम से उच्च अपवर्तनांक वाले माध्यम में होकर गुज़रता है।

(b) पूर्ण आंतरिक परावर्तन की परिघटना केवल तभी घटित हो सकती है जब प्रकाश किसी कोण, जो क्रांतिक कोण की अपेक्षा बड़ा हो, पर उच्च अपवर्तनांक वाले माध्यम से निम्न अपवर्तनांक वाले माध्यम में होकर गुज़रता है।

(c) पूर्ण आंतरिक परावर्तन की परिघटना केवल तभी घटित हो सकती है जब प्रकाश किसी कोण पर उच्च अपवर्तनांक वाले माध्यम से निम्न अपवर्तनांक वाले माध्यम में होकर गुज़रता है।

(d) पूर्ण आंतरिक परावर्तन की परिघटना केवल तभी घटित हो सकती है जब प्रकाश किसी कोण, जो क्रांतिक कोण की अपेक्षा बड़ा हो, पर निम्न अपवर्तनांक वाले माध्यम से उच्च अपवर्तनांक वाले माध्यम में होकर गुज़रता है।

**55.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. पृथ्वी के पृष्ठ पर किसी पिंड (object) का भार सभी स्थानों पर समान होता है, किंतु उसका जड़त्वीय द्रव्यमान भिन्न हो सकता है।

II. किसी पिंड का जड़त्वीय द्रव्यमान और गुरुत्वीय द्रव्यमान समानुपाती होते हैं, और समानुपातिकता स्थिरांक (proportionality constant) सभी स्थानों पर समान होता है।

III. किसी पिंड का जड़त्वीय द्रव्यमान और भार, पृथ्वी के भिन्न स्थानों पर समान होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II

(d) II और III



## PART – B

**51.** A bicycle racing track is a level circular road of radius 10 m. Three cyclists P, Q and R with identical cycles are cycling on the track with speeds 2 m/s, 3 m/s and 5 m/s respectively. If the coefficient of friction between the tyres and the road is 0·1, then which cyclist will slip ? (Take $g = 10\ m/s^2$)

(a) P only

(b) Q only

(c) R only

(d) All will slip

**52.** The bob of a simple pendulum is displaced from its mean position and then released from rest 0·20 m above its mean position. What is the speed of the bob as it passes through the mean position ? (Take $g = 10\ m/s^2$)

(a) 0 m/s

(b) 1 m/s

(c) 2 m/s

(d) $\sqrt{10}$ m/s

**53.** A tennis ball of mass 350 g is thrown vertically upwards at a speed of 4 m/s. If M is the maximum gravitational potential energy of the ball and H is the maximum height it reaches, then which one of the following is correct ? (Take $g = 10\ m/s^2$)

(a) M = 5·6 J, H = 1·6 m

(b) M = 2·8 J, H = 1·6 m

(c) M = 5·6 J, H = 0·8 m

(d) M = 2·8 J, H = 0·8 m

**54.** Which of the following is correct regarding the total internal reflection at the interface between two different optical media ?

(a) The phenomenon of total internal reflection can occur only if light is passing at any angle from a medium of low refractive index to a medium of high refractive index.

(b) The phenomenon of total internal reflection can occur only if light is passing from a medium of high refractive index to a medium of low refractive index and at an angle greater than the critical angle.

(c) The phenomenon of total internal reflection can occur only if light is passing at any angle from a medium of high refractive index to a medium of low refractive index.

(d) The phenomenon of total internal reflection can occur only if light is passing from a medium of low refractive index to a medium of high refractive index and at an angle greater than the critical angle.

**55.** Consider the following statements :

I. The weight of an object is the same everywhere on the surface of the Earth, but its inertial mass could be different.

II. The inertial mass and gravitational mass of an object are proportional and the proportionality constant is the same everywhere.

III. The inertial mass and weight of an object are the same at different places on Earth.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) I only

(b) II only

(c) I and II

(d) II and III

www.prepp.in

56. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

I किसी गोलाकार पिंड के कारण गुरुत्वीय क्षेत्र

II किसी बिंदु आवेश के कारण स्थिरवैद्युत क्षेत्र

III प्रोटॉन के कारण प्रबल परमाणु बल क्षेत्र

IV किसी छड़ चुंबक के कारण चुंबकीय क्षेत्र

उपर्युक्त में से कितने व्युत्क्रम वर्ग नियम (inverse square law) का पालन करते हैं ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) सभी चार

57. किसी जग से मंद गति से जल डालने पर सामान्यतः यह देखा जाता है कि जग के पार्श्व (side) के साथ जल की एक परत प्रायः प्रवाहित होती है । इस परिघटना के लिए जल का निम्नलिखित में से कौन-सा गुण उत्तरदायी होता है ?

(a) पृष्ठ तनाव (surface tension)

(b) कमरे के तापमान पर अपेक्षाकृत निम्न वाष्प दाब (low vapour pressure)

(c) नगण्य संपीड्यता (negligible compressibility)

(d) कक्ष के तापमान पर निम्न श्यानता (low viscosity)

58. कोई मछली 4/3 अपवर्तनांक वाले जल की गहराई d में है । यदि 3/2 अपवर्तनांक और d/2 मोटाई के किसी पारदर्शी स्लैब को जल के पृष्ठ (surface) पर रखा जाता है, तो हवा में स्थित किसी प्रेक्षक को मछली की आभासी गहराई निम्नलिखित में से क्या प्रतीत होगी ?

(a) d/2

(b) 5d/8

(c) 13d/12

(d) 17d/24

59. m द्रव्यमान वाला कोई कण $0 \le x \le L$ के लिए $F(x) = F_0\left(1 - \frac{x}{L}\right)$ बल के अंतर्गत x-दिशा में गतिमान (moves) है । यदि कण $x = 0$ पर विरामावस्था से आरंभ होता है, तो $x = L$ पर कण की चाल (v) क्या होगी ?

(a) $v = \sqrt{\frac{2F_0L}{m}}$

(b) $v = \sqrt{\frac{F_0L}{m}}$

(c) $v = \sqrt{\frac{F_0L}{2m}}$

(d) $v = 0$

60. त्रिज्या R और एकसमान द्रव्यमान घनत्व ρ वाले किसी ग्रह के केंद्र से एक संकीर्ण सुरंग गुज़रती है । सुरंग में कोई कण छोड़ा (released) जाता है । कण के दोलन की कोणीय आवृत्ति (ω) किसके बराबर है ? (प्रतीकों का अपना सामान्य अर्थ है)

(a) $\omega = \sqrt{\frac{4\pi G\rho}{3}}$

(b) $\omega = \sqrt{\frac{2\pi G\rho}{3}}$

(c) $\omega = \infty$

(d) $\omega = 0$



56. Consider the following :

I Gravitational field due to a spherical body

II Electrostatic field due to a point charge

III Strong nuclear force field due to a proton

IV Magnetic field due to a bar magnet

How many of the above follow the inverse square law ?

(a) One

(b) Two

(c) Three

(d) All four

57. While pouring water slowly from a jug, a general observation is that a water layer usually flows along the side of the jug. Which property of water among the following is responsible for this phenomenon ?

(a) Surface tension

(b) Relatively low vapour pressure at room temperature

(c) Negligible compressibility

(d) Low viscosity at room temperature

58. A fish is at a depth d in water of refractive index 4/3. If a transparent slab of refractive index 3/2 and thickness d/2 is placed on the surface of water, then which one of the following is the apparent depth of the fish as observed by an observer in air ?

(a) d/2

(b) 5d/8

(c) 13d/12

(d) 17d/24

59. A particle of mass m moves along x-direction under the force $F(x) = F_0\left(1 - \frac{x}{L}\right)$ for $0 \le x \le L$. If the particle starts from rest at $x = 0$, then what is the speed (v) of the particle at $x = L$ ?

(a) $v = \sqrt{\frac{2F_0L}{m}}$

(b) $v = \sqrt{\frac{F_0L}{m}}$

(c) $v = \sqrt{\frac{F_0L}{2m}}$

(d) $v = 0$

60. A narrow tunnel passes through the centre of a planet of radius R and uniform mass density ρ. A particle is released into the tunnel. What is the angular frequency of oscillation of the particle (ω) equal to ? (Symbols carry their usual meaning)

(a) $\omega = \sqrt{\frac{4\pi G\rho}{3}}$

(b) $\omega = \sqrt{\frac{2\pi G\rho}{3}}$

(c) $\omega = \infty$

(d) $\omega = 0$

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. किसी वर्षा वाले दिन, वर्षा की बूँदें v चाल के साथ ऊर्ध्वाधर गिरती हैं। एक प्रेक्षक v चाल के साथ पूर्व की ओर चलता है, जबकि अन्य प्रेक्षक उसी v चाल के साथ उत्तर की ओर चलता है। उनके द्वारा प्रेक्षित की गई वर्षा की आभासी दिशाओं के बीच का कोण क्या है ?

(a) 0°

(b) 30°

(c) 45°

(d) 60°

62. 50 cm लंबाई के किसी सरल लोलक के गोलक को एक पूर्ण वृत्त बनाने के लिए दी गई न्यूनतम क्षैतिज चाल (minimum horizontal speed) क्या है ?
(मान लीजिए $g = 10\ m/s^2$)

(a) 5 m/s

(b) 7·5 m/s

(c) 10 m/s

(d) 12·5 m/s

63. एक ही पदार्थ से बने दो चालक तारों की लंबाइयाँ L और 1·2 L हैं। यदि लंबे तार का आयतन छोटे तार से आधा है, तो छोटे तार की तुलना में लंबे तार का वैद्युत प्रतिरोध क्या होगा ?

(a) 288% अधिक

(b) 200% अधिक

(c) 188% अधिक

(d) 108% अधिक

64. किसी उभयोत्तल लेंस (biconvex lens) को 2 अपवर्तनांक वाले किसी पदार्थ से इस प्रकार बनाया गया है कि उसके दो फलकों (faces) की वक्रता की त्रिज्याओं का अनुपात 1 : 2 है। इस लेंस के मुख्य अक्ष पर वायु में कोई बिंदु स्रोत (point source) रखा जाता है, जो लेंस से u दूरी पर है। यदि ठीक बिंदु स्रोत जितनी दूरी पर प्रतिबिंब बनता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
(जहाँ R पहले फलक की वक्रता त्रिज्या है)

(a) u = R

(b) u = 2R

(c) 2u = 3R

(d) 3u = 4R

65. कैरम के खेल में, 15 g के द्रव्यमान वाला स्ट्राइकर (striker) 5 g द्रव्यमान की एक गोटी से सीधे टकराता है, जिससे गोटी 0·36 m/s की चाल से गतिमान (moves) होती है। यदि स्ट्राइकर और गोटी के बीच संपर्क का समय 3 मिलीसेकंड है, तो स्ट्राइकर द्वारा गोटी पर लगाया जाने वाला औसत बल क्या है ?

(a) 0·72 N

(b) 0·60 N

(c) 0·54 N

(d) 0·30 N

66. किसी खोखले प्रिज़्म को 1·34 अपवर्तनांक वाले जल से भरा गया है और प्रिज़्म पर श्वेत प्रकाश आपतित (incident) है। यह माना जाता है कि श्वेत प्रकाश का तरंगदैर्ध्य (wavelength) परास 4020 Å से 6700 Å के बीच है। जल में संगत तरंगदैर्ध्य परास (corresponding wavelength range) क्या होगा ?

(a) 3000 Å से 5000 Å

(b) 4020 Å से 6700 Å

(c) 5000 Å से 7000 Å

(d) 5386 Å से 8978 Å



61. On a rainy day, rain drops fall vertically with speed v. An observer is moving towards east with speed v, while another observer moves towards north with the same speed v. What is the angle between apparent rain directions observed by them ?

(a) 0°

(b) 30°

(c) 45°

(d) 60°

62. What is the minimum horizontal speed given to the bob of a simple pendulum of length 50 cm so that it describes a complete circle ?
(Take $g = 10\ m/s^2$)

(a) 5 m/s

(b) 7·5 m/s

(c) 10 m/s

(d) 12·5 m/s

63. Two conducting wires made of the same material have lengths L and 1·2 L. If the volume of the longer wire is half that of the shorter wire, then what is the electric resistance of the longer wire in comparison with the shorter wire ?

(a) 288% larger

(b) 200% larger

(c) 188% larger

(d) 108% larger

64. A biconvex lens is made of a material of refractive index 2 such that the ratio of the radii of curvature of its two faces is 1 : 2. A point source in air is placed on the principal axis of this lens at a distance u from the lens. Which one of the following is correct if the image is formed exactly at the same distance as that of the point source ?
(where R is the radius of curvature of the first face)

(a) u = R

(b) u = 2R

(c) 2u = 3R

(d) 3u = 4R

65. In a carrom game, a striker of mass 15 g hits a coin of mass 5 g head on and the coin moves with a speed of 0·36 m/s. If the time of contact between the striker and the coin is 3 milliseconds, then what is the average force applied by the striker on the coin ?

(a) 0·72 N

(b) 0·60 N

(c) 0·54 N

(d) 0·30 N

66. A hollow prism is filled with water of refractive index 1·34 and white light is incident on the prism. The white light is assumed to have wavelengths ranging from 4020 Å to 6700 Å. What is the corresponding wavelength range in water ?

(a) 3000 Å to 5000 Å

(b) 4020 Å to 6700 Å

(c) 5000 Å to 7000 Å

(d) 5386 Å to 8978 Å

Prepp
Your Personal Exams Guide

67. किसी DC वोल्टता स्रोत से एक तापन तंतु (heating filament) और किसी निर्धारित मान का एक आदर्श प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में जुड़े हैं। कुछ समय पश्चात, परिपथ में धारा को अपरिवर्ती रखने के लिए तंतु अपने प्रचालन बिंदु (operating point) पर पहुँचता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) अपरिवर्ती धारा (steady current), प्रारंभिक मान की तुलना में अधिक होती है।

(b) आदर्श प्रतिरोधक में अपरिवर्ती वोल्टता उसके प्रारंभिक मान की तुलना में कम हो जाती है।

(c) परिपथ का समग्र प्रतिरोध कम हो जाता है।

(d) तंतु के माध्यम से ऊर्जा क्षय (power dissipation) में उसके प्रारंभिक मान की तुलना में वृद्धि होती है।

68. बाह्य बलों से अप्रभावित दो अंतरिक्ष-यात्री X और Y, गहन अंतरिक्ष में तैरते (float) हैं। आरंभ में वे एक-दूसरे के आपेक्षिक विरामावस्था में हैं। X, Y की ओर एक औज़ार प्रक्षेप (throw) करता है। दोनों अंतरिक्ष-यात्रियों और औज़ार को एक निकाय (system) मानिए। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) निकाय का द्रव्यमान केंद्र Y की ओर गतिमान होता है।

(b) X गतिमान होता है और निकाय का द्रव्यमान केंद्र उसका अनुगमन (follow) करता है।

(c) द्रव्यमान केंद्र, औज़ार का अनुगमन करता है।

(d) द्रव्यमान केंद्र नियत (fixed) रहता है।

69. किसी चिकनी घिरनी (smooth pulley) पर कोई एकसमान डोरी (uniform rope) सममित रूप से लटकी हुई है। डोरी के एक सिरे पर मामूली द्रव्यमान लगाया गया है, जो उस सिरे को थोड़ा-सा भारी बना देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) डोरी जैसे ही गतिमान होती है, डोरी पर प्रत्येक बिंदु का त्वरण समान होता है।

(b) डोरी जैसे ही गतिमान होती है, डोरी पर प्रत्येक बिंदु की चाल समान होती है, किंतु त्वरण समान नहीं होता है।

(c) डोरी जैसे ही गतिमान होती है, पूरी डोरी में तनाव एक जैसा रहता है।

(d) डोरी जैसे ही गतिमान होती है, द्रव्यमान केंद्र स्थिर रहता है।

70. किसी ऊष्मा-रोधी पात्र में 250 g जल है, जो 20°C पर है। 100°C की भाप को उसमें से प्रवाहित किया जाता है, जो उसे 25°C तक गर्म कर देता है। इस प्रक्रिया के दौरान, भाप का कुछ अंश संघनित भी हो जाता है, जिससे जल का द्रव्यमान बढ़कर 252 g हो जाता है। यदि जल की विशिष्ट ऊष्मा 1 Cal $g^{-1}$ $°C^{-1}$ है, तो भाप की गुप्त ऊष्मा (latent heat) का मान क्या होगा?

(a) 530 Cal/g

(b) 540 Cal/g

(c) 550 Cal/g

(d) 560 Cal/g



67. A heating filament and an ideal resistor of fixed value are connected in series with a DC voltage source. After some time, the filament has reached its operating point so that the current in the circuit is steady. Which one of the following is correct ?

(a) The steady current is larger than the initial value.

(b) The steady voltage across the ideal resistor decreases as compared to its initial value.

(c) Overall resistance of the circuit decreases.

(d) Power dissipation through the filament increases as compared to its initial value.

68. Two astronauts X and Y float in deep space far from external forces. Initially, they are at rest relative to one another. X throws a tool towards Y. Consider the two astronauts and the tool as one system. Which one of the following statements is correct ?

(a) The centre of mass of the system moves towards Y.

(b) X moves and the centre of mass of the system follows him.

(c) The centre of mass follows the tool.

(d) The centre of mass remains fixed.

69. A uniform rope hangs symmetrically over a smooth pulley. One end of the rope is given a slight mass, making that side slightly heavier. Which one of the following is correct ?

(a) As the rope starts moving, every point on the rope has the same acceleration.

(b) As the rope starts moving, every point on the rope has the same speed, but not the same acceleration.

(c) As the rope starts moving, the tension remains the same throughout the rope.

(d) As the rope starts moving, the centre of mass remains stationary.

70. An insulating container contains 250 g of water at 20°C. Steam at 100°C is passed through it, heating it up to 25°C. During this process, part of the steam also gets condensed, raising the mass of water to 252 g. If the specific heat of water is 1 Cal $g^{-1}$ $°C^{-1}$, then what is the value of the latent heat of steam ?

(a) 530 Cal/g

(b) 540 Cal/g

(c) 550 Cal/g

(d) 560 Cal/g



www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide
www.prepp.in

... और 1·5 अपवर्तनांक वाले काँच के तीन समांतर स्लैबों की चौड़ाइयाँ क्रमशः 2 mm, 1 mm और 4 mm हैं। यह संयोजन हवा में है। पहले स्लैब पर प्रकाश $\pi/3$ आपतन कोण पर आपतित (incident) होता है। अंतिम पृष्ठ (surface) से निकलने वाले प्रकाश का अभिलंब (normal) के साथ क्या कोण होगा ?

(a) $\pi/6$

(b) $\pi/4$

(c) $\pi/3$

(d) $\pi/12$

**72.** मान लीजिए एक ही लंबाई के तीन तार X, Y और Z इस प्रकार हैं कि उनकी चालकताओं (conductivities) का अनुपात 1 : 2 : 3 है। इसके अतिरिक्त, तार Z का अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल (cross-sectional area) Y से दुगुना है और X का प्रतिरोध Z के प्रतिरोध के बराबर है। Y के प्रतिरोध का, X के प्रतिरोध से क्या अनुपात है ?

(a) 1 : 1

(b) 3 : 1

(c) 2 : 1

(d) 1 : 2

**73.** 4 C और 16 C के दो बिंदु आवेशों (point charges) को 0·18 m की दूरी पर रखा जाता है। 1 C के एक तीसरे बिंदु आवेश को उन दोनों के बीच में इस प्रकार रखा जाता है कि निकाय की स्थितिज ऊर्जा (potential energy) न्यूनतम हो। 1 C आवेश पर विद्युत क्षेत्र का परिमाण (magnitude) क्या होगा ?

(a) 0

(b) $\frac{1}{4\pi\varepsilon_0}\left(\frac{1}{9}\right)NC^{-1}$

(c) $\frac{1}{4\pi\varepsilon_0}\left(\frac{2}{9}\right)NC^{-1}$

(d) $\frac{1}{4\pi\varepsilon_0}\left(\frac{1}{18}\right)NC^{-1}$

**74.** ध्वनि तरंगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यदि वायुमंडलीय दाब समान रहता है, तो तापमान बढ़ने के साथ ध्वनि तरंगों की चाल घट जाती है।

II. यदि वायुमंडलीय दाब समान रहता है, तो आर्द्रता बढ़ने के साथ ध्वनि तरंगों की चाल बढ़ जाती है।

III. वायुमंडलीय दाब में परिवर्तन द्वारा ध्वनि तरंगों की चाल प्रभावित नहीं होती है, बशर्ते कि तापमान को अपरिवर्ती (constant) रखा जाए।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

**75.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I* : सतह पर जमे हुए जल के बावजूद शीतऋतु में समुद्री जीव जीवित रहते हैं और झीलों के तल के निकट चले जाते हैं।

*कथन-II* : 4°C पर जल का घनत्व अधिकतम होता है और शीतऋतु में झीलों के तल पर जल गर्म रहता है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।



**71.** Three parallel glass slabs of refractive indices 1·5, $\sqrt{3}$ and 1·5 respectively have widths 2 mm, 1 mm and 4 mm. The combination is in air. Light is incident at the first slab at an angle of incidence $\pi/3$. What is the angle with respect to the normal at which the light will emerge from the final surface ?

(a) $\pi/6$

(b) $\pi/4$

(c) $\pi/3$

(d) $\pi/12$

**72.** Consider three wires X, Y and Z of the same length such that the ratio of their conductivities is 1 : 2 : 3. Further, the cross-sectional area of wire Z is twice that of Y and the resistance of X is equal to the resistance of Z. What is the ratio of the resistance of Y to that of X ?

(a) 1 : 1

(b) 3 : 1

(c) 2 : 1

(d) 1 : 2

**73.** Two point charges of 4 C and 16 C are kept at a distance of 0·18 m. A third point charge of 1 C is kept between them such that the potential energy of the system is minimum. What is the magnitude of the electric field at the 1 C charge ?

(a) 0

(b) $\frac{1}{4\pi\varepsilon_0}\left(\frac{1}{9}\right)NC^{-1}$

(c) $\frac{1}{4\pi\varepsilon_0}\left(\frac{2}{9}\right)NC^{-1}$

(d) $\frac{1}{4\pi\varepsilon_0}\left(\frac{1}{18}\right)NC^{-1}$

**74.** Consider the following statements in respect of sound waves :

I. The speed of sound waves decreases with an increase in temperature if the atmospheric pressure remains the same.

II. The speed of sound waves increases with increasing humidity if the atmospheric pressure remains the same.

III. The speed of sound waves is not affected by a change in atmospheric pressure, provided the temperature is kept constant.

Which of the statements given above are correct ?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

**75.** Consider the following statements :

*Statement-I* : Marine animals remain alive in winter and move near the bottom of lakes despite frozen water on the surface.

*Statement-II* : The density of water is maximum at 4°C and water at the bottom of lakes remains warm in winter.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I.

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I.

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is not correct.

(d) Statement-I is not correct, but Statement-II is correct.

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

76. ऑक्सीकरण संख्या से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. परऑक्साइडों और सुपरऑक्साइडों में ऑक्सीजन की ऑक्सीकरण संख्या क्रमश: –1 और –1/2 दी गई हैं।

II. अपने सभी यौगिकों (compounds) में फ्लुओरीन की ऑक्सीकरण संख्या –1 है।

III. अपचयन अर्ध-अभिक्रिया (reduction half-reaction) में अपचायक (reductant) की ऑक्सीकरण संख्या घट जाती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

77. हाइड्रोजन और जल के गुणधर्मों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. हाइड्रोजन का समस्थानिक (isotope) ट्राइटियम, रेडियोधर्मी होता है और निम्न ऊर्जा वाले ऐल्फा कणों को उत्सर्जित करता है।

II. गैसीय अवस्था में, जल की संरचना रेखीय होती है।

III. द्रव अथवा गैसीय आण्विक हाइड्रोजन के रूप में ऊर्जा का अभिगमन और भंडारण करना हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था (hydrogen economy) का मूल सिद्धांत है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) केवल II

78. नाइट्रोजन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. नाइट्रोजन में त्रि-बंध (triple bond) होते हैं।

II. नाइट्रोजन, एक त्रिपरमाणुक गैस (triatomic gas) है।

III. नाइट्रोजन अणुओं के बीच क्रियाशील बल दुर्बल वान्डर वाल्स बल (van der Waals forces) होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

79. किसी शुष्क परखनली में, 2 mL, HCl (0·1 N) लिया जाता है। इसमें 4 mL, NaOH (0·1 N) मिलाया जाता है। इस विलयन को अच्छी तरह से मिलाया जाता है, जिसके बाद फीनॉलफ्थेलिन की 2 बूँदें डाली जाती हैं। विलयन का रंग क्या होगा ?

(a) वर्णहीन

(b) लाल

(c) गुलाबी

(d) नीला

80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. जस्ता (zinc) धातु की HCl (aq.) और NaOH (aq.) दोनों के साथ पृथक रूप से अभिक्रिया कराने पर आण्विक हाइड्रोजन उत्सर्जित होती है।

II. जलीय कॉपर सल्फेट विलयन को जस्ते (zinc) के पात्र में नहीं रखा जा सकता है।

III. नींबू, इमली और टमाटर क्रमश: सिट्रिक अम्ल, ऑक्सैलिक अम्ल और टार्टरिक अम्ल के प्राकृतिक स्रोत हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III



76. Consider the following statements regarding oxidation numbers :

I. The oxidation number of oxygen in peroxides and superoxides is assigned as –1 and –1/2 respectively.

II. In all its compounds, fluorine has an oxidation number of –1.

III. In a reduction half-reaction, the oxidation number of the reductant decreases.

Which of the statements given above are correct ?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

77. Consider the following statements regarding the properties of hydrogen and water :

I. Tritium, the isotope of hydrogen, is radioactive and emits low energy alpha particles.

II. In the gas phase, the structure of water is linear.

III. The basic principle of a hydrogen economy is the transportation and storage of energy in the form of liquid or gaseous molecular hydrogen.

Which of the statements given above is/are **not** correct ?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) II only

78. Consider the following statements regarding nitrogen :

I. Nitrogen contains a triple bond.

II. Nitrogen is a triatomic gas.

III. Forces acting between nitrogen molecules are weak van der Waals forces.

Which of the statements given above are correct ?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

79. In a dry test tube, 2 mL of HCl (0·1 N) is taken. To this, 4 mL of NaOH (0·1 N) is added. The solution is stirred well, followed by the addition of 2 drops of phenolphthalein. What will be the colour of the solution ?

(a) Colourless

(b) Red

(c) Pink

(d) Blue

80. Consider the following statements :

I. Zinc metal, when treated with both HCl (aq.) and NaOH (aq.) separately, produces molecular hydrogen.

II. An aqueous copper sulphate solution cannot be kept in a zinc vessel.

III. Lemon, tamarind and tomato are natural sources of citric acid, oxalic acid and tartaric acid, respectively.

Which of the statements given above are correct ?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

Prepp
Your Personal Exams Guide
www.prepp.in

81. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. एथानॉल में आयोडीन के विलयन को 'आयोडीन का टिक्चर' के रूप में जाना जाता है, जो विषमांगी मिश्रण होता है।

II. निलंबन (suspension) एक विषमांगी मिश्रण होता है और उसके कण, उससे होकर गुज़रने वाले किरण पुंज को प्रकीर्णित (scatter) कर उसके पथ को दृश्यमान बना देते हैं।

III. यद्यपि कोई कोलॉइडी विलयन समांगी प्रतीत हो सकता है, किंतु यह विषमांगी मिश्रण है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल I और II
(b) केवल II और III
(c) केवल I और III
(d) I, II और III

82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. हाइड्रोजन परऑक्साइड के 30% विलयन को '10 volume' $H_2O_2$ के रूप में विक्रित (marketed) किया जाता है।

II. कॉपर सल्फेट पेंटाहाइड्रेट यौगिक में, सभी पाँच जल अणु हाइड्रोजन आबंधित (hydrogen bonded) होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल I
(b) केवल II
(c) I और II दोनों
(d) न तो I, न ही II

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. बिच्छू बूटी (nettle), जो एक शाकीय पादप है, की पत्तियों को अनजाने में छूने पर फॉर्मिक अम्ल के स्राव के कारण दर्ददायक चुभन होती है।

II. जब जिप्सम को 100°C पर गर्म किया जाता है, तो यह कैल्शियम कार्बोनेट हेमिहाइड्रेट बनाता है, जिसे प्लास्टर ऑफ़ पेरिस कहते हैं।

III. निर्जल कॉपर सल्फेट को जब जल से नम किया जाता है, तो हरित वर्ण का कॉपर सल्फेट डाइहाइड्रेट बनाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल I
(b) केवल III
(c) II और III
(d) I और II

84. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | रासायनिक अभिक्रिया | रासायनिक अभिक्रिया का प्रकार |
|---|---|---|
| I. | $Fe(s) + CuSO_4(aq.) \rightarrow FeSO_4(aq.) + Cu(s)$ | विस्थापन अभिक्रिया |
| II. | $Na_2SO_4(aq.) + BaCl_2(aq.) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq.)$ | द्वि-विस्थापन अभिक्रिया |
| III. | $Fe_2O_3(s) + 3CO(g) \rightarrow 2Fe(s) + 3CO_2(g)$ | अपोपचय अभिक्रिया (Redox reaction) |
| IV. | $2KClO_3(s) \rightarrow 2KCl(s) + 3O_2(g)$ | ऊष्मीय अपघटन अभिक्रिया |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं ?

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) सभी चार



81. Consider the following statements :

I. A solution of iodine in ethanol known as 'tincture of iodine' is a heterogeneous mixture.

II. A suspension is a heterogeneous mixture and its particles scatter a beam of light passing through it, making its path visible.

III. A colloidal solution, although it appears homogeneous, is a heterogeneous mixture.

Which of the statements given above are correct ?

(a) I and II only
(b) II and III only
(c) I and III only
(d) I, II and III

82. Consider the following statements :

I. A 30% solution of hydrogen peroxide is marketed as '10 volume' $H_2O_2$.

II. In the compound copper sulphate pentahydrate, all the five water molecules are hydrogen bonded.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) I only
(b) II only
(c) Both I and II
(d) Neither I nor II

83. Consider the following statements :

I. The leaves of nettle, a herbaceous plant, cause painful stings when touched accidentally because of the secretion of formic acid.

II. When gypsum is heated at 100°C, it forms calcium carbonate hemihydrate, called Plaster of Paris.

III. When moistened with water, anhydrous copper sulphate forms a green-coloured copper sulphate dihydrate.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) I only
(b) III only
(c) II and III
(d) I and II

84. Consider the following pairs :

| | *Chemical Reaction* | *Type of Chemical Reaction* |
|---|---|---|
| I. | $Fe(s) + CuSO_4(aq.) \rightarrow FeSO_4(aq.) + Cu(s)$ | Displacement reaction |
| II. | $Na_2SO_4(aq.) + BaCl_2(aq.) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq.)$ | Double displacement reaction |
| III. | $Fe_2O_3(s) + 3CO(g) \rightarrow 2Fe(s) + 3CO_2(g)$ | Redox reaction |
| IV. | $2KClO_3(s) \rightarrow 2KCl(s) + 3O_2(g)$ | Thermal decomposition reaction |

How many of the pairs given above are correctly matched ?

(a) One
(b) Two
(c) Three
(d) All four

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

85. यूरिया में द्रव्यमान के अनुसार क्रमशः नाइट्रोजन और हाइड्रोजन की सन्निकट प्रतिशतताएँ (approximate percentage) क्या हैं ?

(a) 43% और 5%

(b) 47% और 5%

(c) 43% और 7%

(d) 47% और 7%

86. नारियल के तेल का पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड (potassium hydroxide) के साथ जल-अपघटन (hydrolysis) होने पर क्या मिलता है ?

(a) मुक्त वसा-अम्ल (free fatty acids) और सोडियम हाइड्रॉक्साइड

(b) ग्लिसरॉल और वसा-अम्ल के सोडियम लवण

(c) ग्लाइकॉल और वसा-अम्ल के पोटैशियम लवण

(d) ग्लिसरॉल और वसा-अम्ल के पोटैशियम लवण

87. हाइड्रोजन आबंध से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. हाइड्रोजन आबंध केवल तभी बन सकते हैं जब हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन अथवा फ्लुओरीन से आबंधित हो।

II. हाइड्रोजन आबंध केवल अंतःअणुक (intramolecular) होते हैं।

